# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

## कार्य परिषद की कार्यवाही

दिनांकः 18.08.2018 को अपराह्न 01:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में आहूत कार्य परिषद की बैठक की कार्यवाही :

बैठक में निम्नवत अधिकारीगण उपस्थित हुए।

| | |
|---|---|
| 1. प्रो0 योगेन्द्र सिंह, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. प्रो0 सी.डी. सिंह, | सदस्य |
| 3. प्रो0 नरेश चन्द्र गौतम | सदस्य |
| 4. प्रो0 नागेश्वर राव | सदस्य |
| 5. प्रो0 जे.एस.पी. राय | सदस्य |
| 6. न्यायमूर्ति (से0नि0)के.डी.शाही | सदस्य |
| 7. प्रो0 वी.के. कुमरा | सदस्य |
| 8. श्री नीरज शेखर, माननीय सांसद राज्यसभा | सदस्य |
| 9. श्री रवि शंकर सिंह, माननीय सदस्य विधानपरिषद | सदस्य |
| 10. प्रो0 परशुराम पाल | सदस्य |
| 11. श्री प्रकाश सिंह, वित्त अधिकारी | आमंत्रित–सदस्य |
| 12. श्री संजय कुमार, कुलसचिव | सचिव |

माननीय कुलपति जी द्वारा सर्वप्रथम कार्य परिषद के समस्त सम्मानित सदस्यगणों का स्वागत करते हुए परिचयय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिये परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरान्त माननीय कुलपति जी ने कुलसचिव को परिषद की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु कार्यसूची प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया। तदक्रम में कुलसचिव द्वारा परिषद के सम्मुख निम्नांकित कार्यसूची मदवार विचारार्थ प्रस्तुत की गयी।

**मद सं0 1– कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 24.02.2018 की कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार। कार्यपरिषद की तद्दिनांकित कार्यवाही सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।**

परिषद ने सम्यक विचारोपरान्त कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 24.02.2018 की कार्यवाही को सर्वसम्मति द्वारा सम्पुष्ट किया गया।

**मद सं0 2– कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 24.02.2018 में लिये गये निर्णयों के सापेक्ष विश्वविद्यालय स्तर पर की गयी कृत कार्यवाही की आख्या से परिषद को संसूचित किया जाना।**

परिषद दिनांक 24.02.2018 की बैठक में लिये गये निर्णयों के सापेक्ष विश्वविद्यालय द्वारा कृत कार्यवाही (Action Taken Report) से संसूचित हुए।

SHOT ON MI A1
MI DUAL CAMERA

MI DUAL CAMERA
SHOT ON MI A1

(2)

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

**मद सं0 3– वित्त समिति की बैठक दिनांक 17.08.2018 की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार। वित्त समिति की तद्दिनांकित कार्यवाही सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के क्लासरूम एवं कार्यालय हेतु गोदरेज मेक के फर्नीचर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में यह अवगत कराया गया कि ई–टेंण्डर किये जाने के उपरान्त कोई टेण्डर प्राप्त नहीं हुआ जिसके कारण क्रय प्रक्रिया बाधित है। अतएव गोदरेज मेक (प्रोपाइरटरी आइटम) के फर्नीचर क्रय किये जाने की सैद्धांन्तिक अनुमति कार्यपरिषद से अपेक्षित है। सम्यक विचारोपरान्त कार्यपरिषद ने क्रय/ई–टेण्डर आदि के नियमों के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय सीमा तक गोदरेज मेक के फर्नीचर क्रय किये जाने की सैद्धांन्तिक अनुमति प्रदान की गयी।

परिषद द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 18.08.2018 की संस्तुतियों को भी सम्यक विचारोपरान्त यथावत अनुमोदित किया गया।

**मद सं0 4– विद्या परिषद की सम्पन्न बैठक दिनांक 17.08.2018, की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार। विद्या परिषद की तद्दिनांकित कार्यवाही सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।**

परिषद ने विद्या परिषद की सम्पन्न बैठक दिनांक 17.08.2018, की संस्तुतियों को यथावत अनुमोदित किया।

**मद सं0 5– परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 22.02.2018,08.05.2018 , 29.05.2018, 23.06. 2018 एवं 03.08.2018 की संलग्न कार्यवाही से परिषद को संसूचित किया जाना।**

परिषद परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 22.02.2018 दि0 08.05.2018, दि0 29.05. 2018, दि0 23.06.2018, दि0 03.08.2018 एवं दि0 18.08.2018 में लिये गये निर्णयों से अवगत होते हुए प्रस्तुत कार्यवाही से संसूचित हुई।

परिषद के सम्मानित सदस्य श्री रवि शंकर सिंह, सदस्य विधान परिषद द्वारा यह प्रश्न उठाया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनुदानित, राजकीय महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों के सापेक्ष मानकानुसार कार्यरत शिक्षकों की संख्या का संज्ञान न लेते हुए उन्हे परीक्षा केन्द्र आदि बनाये जाते हैं, परन्तु स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के सम्बन्ध में उक्त का ध्यान न देकर भेद–भाव किया जाता है। अध्यक्ष महोदय द्वारा कुलसचिव से उक्त के सम्बन्ध में यथास्थिति से अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में कुलसचिव द्वारा यह सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त अनुदानित राजकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विवरण आनलाइन किये जाने हेतु समस्त महाविद्यालयों से सूचना विश्वविद्यालय की बेव–साइट के Teacher Login पोर्टल पर प्राप्त की जा रही है। आनलाइन विवरण प्राप्त होते ही संकलित रिपोर्ट परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जायेगी।

MI DUAL CAMERA
SHOT ON MI A1



# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

**मद सं0 6– प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 22.02.2018, 23.06.2018 एवं 03.08.2018 की संलग्न कार्यवाही कार्यवाही से परिषद को संसूचित किया जाना।**

परिषद प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 22.02.2018, दि0 23.06.2018 एवं दि0 03.08.2018 की प्रस्तुत कार्यवाही कार्यवाही से संसूचित हुई।

**मद सं0 7– विश्वविद्यालय से पूर्व से सम्बद्ध महाविद्यालयों/नवीन महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2018–19 से सम्बद्धता समिति की संस्तुतियों के क्रम में कार्यपरिषद से अनुमोदन की प्रत्याशा में कुलपति जी द्वारा प्रदत अनुमति के अनुपालन में महाविद्यालयों को प्रदान की गयी सम्बद्धता पर परिषद द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किये जाने पर विचार।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय से पूर्व से सम्बद्ध महाविद्यालयों/नवीन महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2018–19 से सम्बद्धता समिति की संस्तुतियों के क्रम में कार्यपरिषद से अनुमोदन की प्रत्याशा में कुलपति जी द्वारा प्रदत अनुमति के अनुपालन में महाविद्यालयों को प्रदान की गयी सम्बद्धता पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**मद सं0 8– परिषद की बैठक दिनांक 24.02.2018 के मद सं0 II (अन्य बिन्दु) पर लिये गये निर्णय के अनुपालन में कुलपति जी द्वारा कपिलदेव परमेश्वरी मेमोरियल महाविद्यालय, सुहया, रतसर, बलिया के प्रकरण में गठित द्वि–सदस्यीय जांच समिति की संलग्न जांच आख्या पर विचार।**

परिषद के सम्मानित सदस्य श्री रवि शंकर सिंह, सदस्य विधान परिषद द्वारा कपिलदेव परमेश्वरी मेमोरियल महाविद्यालय, सुहया, रतसर, बलिया के सम्बन्ध में कुलपति जी द्वारा गठित द्वि–सदस्यीय समिति की जाँच आख्या से असहमति व्यक्त की गयी। तदक्रम में परिषद ने सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया कि सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया, नर्सिंग काउंसिल ऑफ इण्डिया एवं मेडिकल फैक्लटी आदि में जमा किये गये भूमि सम्बन्धी राजस्व अभिलेखों यथा खसरा–खतौनी आदि प्राप्त कर ली जाये जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अन्य नियामक संस्थाओं के पाठ्यक्रम उक्त महाविद्यालय में संचालित नहीं होते हैं।

परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय द्वारा सुनिश्चित कर लिया जाये कि सम्बद्ध अन्य महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त पाठ्यक्रम के संचालन के अनुमति के अतिरिक्त अन्य कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं किया जा रहा हो। इस सम्बन्ध में एक विस्तृत रिपोर्ट परिषद को आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

**मद सं0 9– उत्तर प्रदेश शासन द्वारा रामधारी सिंह महिला महाविद्यालय गढ़वार, बलिया की सम्बद्धता नियमानुसार समाप्त किये जाने हेतु निर्गत पत्र दिनांक 30.01.2018 के अनुपालन में अधिनियम के प्रावधानानुसार महाविद्यालय को निर्गत कारण बताओ नोटिस के**

SHOT ON MI A1
MI DUAL CAMERA

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

**प्राप्त उत्तर एवं महाविद्यालय के भौतिक सत्यापन हेतु कुलपति जी द्वारा गठित समिति की जाँच आख्या पर विचार।**

परिषद ने रामधारी सिंह महिला महाविद्यालय गढ़वार, बलिया की सम्बद्धता नियमानुसार समाप्त किये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त आदेश दिनांक 30.01.2018 के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को निर्गत कारण बताओ नोटिस के सापेक्ष प्राप्त लिखित उत्तर एवं तदक्रम में महाविद्यालय के कथन के भौतिक सत्यापन हेतु कुलपति जी द्वारा गठित द्वि–सदस्यीय जाँच समिति की जाँच आख्या दिनांक 05.08.2018 की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए वर्तमान में अध्ययनरत छात्राओं के भविष्य का संज्ञान लेते हुए महाविद्यालय की सम्बद्धता यथावत बनाये रखने का निर्णय लिया। परिषद ने तदनुसार उत्तर प्रदेश शासन को अवगत कराये जाने का भी निर्णय लिया।

**मद सं0 10– शैक्षिक सत्र 2018–19 से विश्वविद्यालय परिसर में परास्नातक स्तर पर एम0ए0, एम0काम0 एवं एम0एस0डब्लू0 पाठ्यक्रमों में पठन–पाठन प्रारम्भ किये जाने हेतु कार्य परिषद की सैद्धांन्तिक सहमति प्राप्त किये जाने पर विचार।**

परिषद द्वारा शैक्षिक सत्र 2018–19 से विश्वविद्यालय परिसर में परास्नातक स्तर पर एम0ए0, एम0काम0 एवं एम0एस0डब्लू0 पाठ्यक्रमों में पठन–पाठन प्रारम्भ किये जाने पर अपनी सैद्धान्तिक सहमति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी कि कक्षा संचालन के पूर्व शिक्षण कक्ष, पुस्तकालय एवं शिक्षकों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये।

**मद सं0 11– विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये सत्र 2018–19 शैक्षिक कैलेण्डर से परिषद को संसुचित किया जाना।**

परिषद विश्वविद्यालय के शैक्षिक कैलेण्डर सत्र 2018–19 से संसूचित हुई।

**मद सं0 12– उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग 1 के पत्र सं0 269/सत्तर–1–2018–16(35)/2017 टी0सी0 ।। दिनांक 25 जुलाई, 2018 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों की प्रथम परिनियमावली में शिक्षकों के लिये विशेष अवकाश का प्राविधान किये जाने तथा असाधारण अवकाश के प्राविधानों को परिनियमावली में सम्मिलित किये जाने हेतु श्री राज्यपाल द्वारा प्रदान की गयी अनुमति से परिषद को संसूचित किया जाना।**

परिषद उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों की प्रथम परिनियमावली में शिक्षकों के लिये विशेष अवकाश का प्राविधान किये जाने तथा असाधारण अवकाश के प्राविधानों को परिनियमावली में सम्मिलित किये जाने हेतु श्री राज्यपाल द्वारा प्रदान की गयी अनुमति से संसूचित हुई।

**अन्य बिन्दु (अध्यक्ष महोदय की अनुमति से)**

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

**मद सं0 1–** परिषद के सदस्य श्री रवि शंकर सिंह, सदस्य विधान परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय से विश्वविद्यालय को आवंटित 51 एकड़ भूमि का सीमांकन बाउड्री वाल बनाते हुए किये जाने का प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

अध्यक्ष महोदय ने वित्त अधिकारी एवं कुलसचिव को इस सम्बन्ध में जो भी आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

**मद सं0 2–** परिषद के सदस्य प्रो0 नरेश चन्द्र गौतम, कुलपति महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, द्वारा बलिया शहर में विश्वविद्यालय का एक सिटी कैम्पस/कैम्प कार्यालय विकसित किये जाने का प्रस्ताव रखा जिससे कि शहर से लगभग 14 कि0मी0 दूर स्थित विश्वविद्यालय परिसर तक छात्रों/शिक्षकों को दिन–प्रतिदिन के शैक्षिक एवं परीक्षा सम्बन्धी कार्यों हेतु आने में कठिनाई न हो।

अध्यक्ष महोदय ने इस प्रस्ताव पर स्वागत करते हुए इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही/आगणन आदि हेतु निर्देश प्रदान किये।

**मद सं0 3–** कुलपति जी द्वारा परिषद को यह अवगत कराया गया कि 08 जुलाई को देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर जी की 11वीं पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सुलभ इंण्टरनेशनल, के संस्थापक पद्विभूषण डॉ0 बिंदेश्वर पाठक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। डॉ0 पाठक ने विश्वविद्यालय में **"चन्द्रशेखर नीति अध्ययन एवं शोधपीठ"** हेतु रू0 50 लाख की आर्थिक सहायता एवं विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व से निर्मित कैंटीन एवं सुलभ काम्पलेक्स के जीर्णोद्धार पर आने वाले समस्त व्यय को वहन किये जाने की वचनबद्धता दी गयी। परिषद द्वारा डॉ0 पाठक के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

**मद सं0 4–** परिषद ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव हेतु **"छात्र संघ नियमावली"** में किये गये संशोधनों पर अपनी सहमति प्रदान की।

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्य परिषद की बैठक सम्पन्न हुई।

18/8/18

(संजय कुमार)
कुलसचिव/सचिव

(प्रो0 योगेन्द्र सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष

SHOT ON MI A1
MI DUAL CAMERA